शिवमस्तु सर्वजगतः,

परहित निरता भवन्तु भूतगणाः,

श्रीमद् उमेदविजय ग्रन्थमाला अङ्क २

जैनतत्त्वसार.

अनुवादक.

ताराचन्द्रदोसी.

"Do all the good you can,
By all the means you can,
In all the ways you can,
In all the places you can,
At all the time you can,
To all the people you can,
Long as ever you can."

Weoley.

शेठ केसरीमलजी भुताजी पालडी निवास
की द्रव्य संहायतासे मुद्रित.

प्रगटकर्त्ता.

सेक्रेटरी, श्रीजैन ज्ञान प्रसारक मंडल
वीर संवत् २४४१ सिरोही (राजपुताना)

किंमत रु. ०-५-०

दोषा प्रयान्तु नाशं,

सर्वत्र सुखीभवन्तु लोकाः,

धी. सीटी प्रीन्टींग प्रेस. अह्मदावादमें
शा. चंदुलाल छगनलालने छापा.

ॐ

अर्पण पत्रिका.

प्रातःस्मरणीय चारित्रचूडामणि सकलसद्गुणगरिष्ट महात्मा मुनि महाराज श्रीजयाविजयजी महाराज.

आपश्रीने सरस्वतीको सम्पादन कर तथा जैन धर्म्म जैसे सर्वोत्कृष्ट धर्म्मके तत्वोंमें प्रवेश कर जैन प्रजा पर महान् उपकार किया है और कर रहे हैं हिन्दी जैन साहित्य पर आपका अनुपम प्रेम आपके उपदेश तथा परिश्रम द्वारा प्रगट होता है. श्री हिन्दी जैन ज्ञान प्रसारक मंडल तथा पुस्तकालयके वारंवार सहायक वनकर आपने उसके अभ्युदयके अर्थ जो २ प्रयास किये हैं और कर रहे हैं वे ही आपके हिन्दी साहित्य प्रतिका अनुपम प्रेम प्रगट कर रहे हैं. जैन साहित्यके संस्कृत तथा प्राकृत गृन्थोंका हिन्दी तथा और भी प्रचलित भाषाओंमें उल्थाकरा कर जैन साहित्यको सर्वत्र फैलानेंके लिये स्थान२पर आपने उपदेश दिये हैं. इतना ही नहीं परन्तु आप इस कामको करानेके लिये उत्सुक हैं जिसके

कुछ अंशमें आप फलीभूत भी हुए हैं और यही कारण है कि, यह पुस्तक तथा साक्षात् मोक्ष नामक लधु ग्रन्थ जो पहिले प्रकाशित होचुका है आपके ही निष्कारण करुणाके फल हैं. और आपश्रीके प्रतापसे यह संस्थायें दो ग्रन्थ प्रकाशित करनेको समर्थ हुई है तथा भविष्यमें जैन साहित्यके प्राचीन ग्रन्थोंको प्रकाशित करनेमें फतेहमंद होंगी. चर्म तीर्थङ्कर महावीर प्रभुके शासनमें चारित्ररूपी वख्तरको पहिनकर प्रवल शत्रुके पंजेमेंसे वचानेके लिये आत्मसत्ताको अखंड काममें लाकर वड़ा उपकार किया है. इन अनेक सद्गुणोंसे आकर्षित हो कर जैन साहित्यके तत्त्वरूपी समुद्रमें प्रवेश करने वाले उत्साही मनुष्योंके लिये श्रीमद् सूरचंद्रकृत पद्यवंद जैन तत्त्वसार नामक ग्रन्थका हिन्दी अनुवाद भक्तिभाव पूर्वक आपश्रीके कर कमलमें समर्पण कर अपने आपको भाग्यशाली मानता हूं.

चरणोपासक.

सेक्रेटरी, श्रीजैनज्ञान प्रसारक

मंडल सिरोही.

शेठ बालचंदजी उमाजी देलदर निवासीकी

द्रव्यकी सहायतासे

मुद्रित होनेवाला ग्रन्थ.

उमेदविजय ग्रन्थमाला अङ्क २

श्रीजैनकथारत्नसंग्रह (प्रथम भाग.)

इस पुस्तकमें जैन महाराजाओं, महाराणियों, मंत्रियों तथा शेठ लोगोंकी कथाएं हैं जिन्होंने समय २ पर जैन शासनकी अभिवृद्धिके लिये करोडों उपाय किये हैं जिनके शुद्ध चरित्रसे निकलता सार हरएक मनुष्यको ग्रहण करने योग्य है. जिन्होंने कि विपत्ति पडने परभी धर्म्म पर पूरी श्रद्धा रक्खी तथा शियल व्रतादिका पालन किया है जिनको पढनेसे बालकवर्ग बन्धुओं तथा बहिनोंके हृदयमें धर्म्माङ्कुरोत्पत्तिके साथ उनके अन्तःकरणको शुद्ध बनाकर इस भव तथा परभवका श्रेयभी होसकता है. हरएक बन्धु और बहिन यह पढकर कुछ न कुछ धारण करेंगे कारण कि इस प्रकार व्रत

पालनेका मन उत्तम पुरुषोंके चरित्र पढनेसे ही हो सकता है तथा उत्तम पुरुषोंके चरित्र पढनेसे वाचकवृन्दभी उत्तम पुरुषोंकी गिनतीमें थोडे वहुत अवश्यही हो सकेंगे और उत्तम गुण प्राप्त करके व्रत नियम पालनेका प्रयास स्थिर मनसे वे ही करेंगे जिन्होंने उत्तम पुरुषोंके चरित्र पढे हैं अथवा श्रवण किये हैं अतएव हरएकके लिये उत्तम पुरुषोंके चरित्र पढना योग्य है. कि, जिसके वरोवर वर्त्तन करनेसे आत्मकल्याण हो सकता है इस पुस्तकका अल्प मूल्य रखनेका कारण यही है कि देलदर निवासी एक सद्गृहस्थ सहायता करनेवाले हैं इस लिये इसका अल्प मूल्य रक्खा गया है.

इस स्थानपर मुझे यह कहना अनुचित नहीं मालूम होगा कि इस पुस्तकको छपानेके लिये जिस सद्गृहस्थने सहायता की है उन्होंने भी अपनी लक्ष्मीका सदुपयोग किया है कि जिसको पढकर हरएक ज्ञान दानका लाभ प्राप्त करेगा अतएव यह मंडल इनका उपकार मानता है और प्रार्थना करता है कि अपनी लक्ष्मीका दूसरे अयोग्य खातोंमें द्रव्य करनेके वजाय ज्ञान खातेमेंही द्रव्य व्यय करेंगे तो अधिक लाभ होनेकी संभावना है.

यह पुस्तक पढकर जो मनुष्य अच्छे रास्ते चलेंगे और उत्तम व्रतादि पालकर आत्मकल्याण करेंगे यह लाभ शा. देलदर निवासी शेठ वालचन्दजी उमाजीको प्राप्त होगा कारण कि इन श्रीमानने श्री जैन कथारत्न संग्रह प्रथम भाग अथवा श्रीमद् उमेदविजय ग्रन्थमाला अङ्क तीसरेको छपवाके पुण्य बन्धनका काम किया है इस लिये यह मंडल इनका उपकार मानता है तथा दुसरे महाशयोंकोभी इस प्रकार ज्ञान दान करनेको सूचित करता है.

सेक्रेटरी, श्रीजैन ज्ञान प्रसारक
मंडल सिरोही.

छपी हुई पुस्तकें निम्न लीखित पतेसे मिलेंगीः—

	रु.–आ–पा.
साक्षात् मोक्ष.	०–२–०
नई रोशनीकी कुल देवी	०–१–६
बुद्धिधन.	२–०–०
मारवाडियोंकी दशा.	०–०–६

सेक्रेटरी, श्रीजैन ज्ञान प्रसारक
मंडल सिरोही (राजपूताना).

श्रीमान् शेठ केसरीमलजी भुताजी-पालडी (सिरोही)

The 'Jain' Press-SURAT.

निवेदन.

यह मंडलके प्रथम वर्षका दूसरा पुस्तक है. प्रातः स्मरणीय मुनिराज श्री जयविजयजी महाराजके उपदेशसे पालडी निवासी श्रीमान् शेठ केसरीमलजी मुताजीने इस पुस्तकको छपानेका कुल खर्च दिया है. अतएव यह संस्था इन दोनों मुनिराज तथा शेठश्रीका उपकार मानती है. इनकी उदारतासे यह ग्रन्थ विना मुल्य देनेकी अनुकूलता हुई है. अतएव ३०० पुस्तकें शेठश्रीकी तरफसे मुनिराजोंको, पुस्तकालय और सभादि संस्थाओंमें विना मुल्य भेट दी जायगी. शेष कोपियोंकी इनकी रायके अनुसार ही लगी किम्मतसे आधी कीमत रक्खी है. जो ऐसे उत्तम ग्रन्थ छपवानेके काममेंही ली जायगी उससे होने वाले पुण्य परंपराके भागीभी ये हो सकेंगे. इस स्थान पर मैं एक बात भूलता हूं वह यह है कि, जिन्होंने इस पुस्तकका अनुवाद किया है उनको तो मैं भूलही गया. इस पुस्तकके अनुवादक मेरे परम मित्र श्रीयुत ताराचंद्रजी दोसी हैं जिन्होंने कि निःस्पृह भावसे अनुवाद किया है उनका यह मंडल आभार मानता है.

ज्ञान प्रसारक मंडल ऑफिस, सिरोही ता. २ फरवरी १९१५	सेक्रेटरी, श्रीजैन ज्ञान प्रसारक मंडल सिरोही (राजपूताना)

भाषान्तरकार

का

व्यक्तव्य.

तात्त्विक विषय कैसे कठीन होते हैं, यह सभी शिक्षित लोगोंपर विदित है इसीसे इनपर आलोचन पूर्ण निबन्ध लिखना सबके लिये सम्भव नहीं है. इसके लिये बडी विद्वत्ता बडी चिन्ताशीलता, बडी गवेषणाकी आवश्यक्ता होती है. साथही यह अत्यन्त आवश्यक है कि लेखक धर्मके तत्त्वसे भलिभांती परिचित हो. इसी कारण तात्त्विक विषयोंपर आ-लोचनापूर्ण ग्रन्थ कम लिखे जाते हैं. मराठी, गुजराती, संस्कृत और प्राकृत भाषाओंमें इस विषयकी बहुतसी पुस्तकें हैं भी, पर हिन्दीमें ऐसे ग्रन्थोंका प्रायः अभावही है यहां पर यह ख्याल रखना जरूरी है कि जब तक हिन्दीमें ऐसी पुस्तक प्रचुरतासे न मिलने लगे तब तक हिन्दी साहित्यको अनुन्नतही समझना चाहिये और और विषयोंके ग्रन्थ चाहे हिन्दीमें कितनेही क्यों न हो पर जबतक इस अत्यन्त आवश्यकीय अङ्गकी पूर्त्ति नहीं होगी तबतक हमारा साहित्य अधूराही रहजायगा.

ऊपर जो कुछ कहा जा चुका है. वह मन मानी वात नहीं है ऐसा कहनेका एक प्रधान कारण है. जिन लोगोंने तात्त्विक ग्रन्थ पढ़े हैं विशपकर जिन्होने इस विषयके ग्रन्थोंको पूरे तौरसे पढ़ा हैं वे इस वातको अच्छी तरह जानते हैं कि, तात्त्विक विषयके ग्रन्थोंका आसन संसारमें कितना ऊंचा है. अतएव तत्त्व-संस्कार साहित्यकी उन्नतिके लियेभी अत्यन्त प्रयोजनीय है और आध्यात्मिक संस्कारका पथ तात्त्विक विषयोंके लेखों द्वारा वहुत कुछ प्रशस्त होता है. अस्तु.

हिन्दी संसारमें ऐसे विषयोंके ग्रन्थोंका होना आवश्यक जानकरही मूल संस्कृत तथा गुजराती पुस्तकका उल्थाकर यह ग्रन्थ लिखा गया है. खास इस पुस्तकके चुननेमे मंडलको शायद दो अभिप्राय रहे होंगे. एक तो यह मुनिश्रीमद् सूरचंद्र वाचकका लिखाहुआ लघु परन्तु वहुत उत्तम प्राचीन ग्रन्थ है गो इस समय इनके लिखे हुए दूसरे ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है परन्तु इस ग्रन्थपरसे एक वडे विद्वानका होना प्रतीत होता है. साथहीमें आप आध्यात्मिक ज्ञानीथे अतएव ऐसे तात्त्विक ग्रन्थ को जन समुहके उपकारके अर्थ लिखा है" उत्तमोत्तम खरतर गच्छके धारण करने वाले युगवर जिनराज सूरिके साम्राज्यमें उनके पट्टाचार्य श्री जिनसागरसूरिकी विद्यमानतामें अमरस

नामक उत्तम नगरीमें श्रीशीतलनाथका सान्निध्य प्राप्त करके सूरचन्द्र सुज्ञानके लिये यह ग्रन्थ रचा गया है. १९७९ वर्ष आश्विन पूर्णिमा बुधवार विजय योगमें इस प्रश्नोत्तरसे अलंकृत अमल पवित्र उत्तम ग्रन्थ पद्मवल्लभ गणिकी सहायतासे अर्हन् परमात्माके प्रसादरूप श्रीकी प्राप्तिके लिये वाचक उपाध्याय * सूरचंद्रने पूर्ण किया."

---

* सूरचंद्र वाचकने अपनी पट्टावली निम्नलिखित बताई है.

(खरतर गच्छकी बृहद् शाखा)

जिनभद्रसूरि
|
मेरुसुन्दर पाठक
|
१ हर्ष २ प्रियपाठक
|
१ चारित्र २ उदय वाचक
|
वीरकलश
|
सूरचंद्र वाचक. — पद्मवल्लभ गणि.

ग्रन्थके विषयके सम्बधमें कुछ कहना उचित नहीं है. विज्ञ पाठक उसे स्वयंही हृदयङ्गम करलेंगे यदि अनुवादकके भाषान्तरमें त्रुटियां रहगई हों तो उसके लिये पाठक मुझे क्षमा प्रदान करेंगे. इस मौकेपर मुझसे भावनगर श्रीजैन आत्मानंद सभाके संचालकोंको धन्यवाद दिये विना नहीं रहा जाता जिन्हो ने इस उत्तम ग्रन्थका गुजराती अनुवाद प्रकाशित किया है. इसका हिन्दी भाषान्तर करनेमें गुजराती अनुवादसे मुझे बहुत कुछ सहायता मिली है.

सिरोही
ता२८जनवरी १९१५ } भाषान्तरकार.

बालब्रह्मचारी शान्तमूर्त्ति मुनिराज श्री जयविजयजी महाराज।

The 'Jain' Press-SURAT.

ॐ

जैन तत्त्वसार.

प्रथमाधिकार.

सिद्धान्त जिसका दोष रहित है और जो ज्ञानादि अतिशयोंसे दीप्त है. उन सत्य परमेश्वर श्री वर्द्धमान स्वामी-को प्रणिपात करके स्वआत्म ज्ञानार्थ किंचित विचार दर्शाता हूँ,

आत्मा कैसा है ?

आत्मा नित्य, विभु, चैतन्यवान् और अरूपी है. नित्य द्रव्य है परन्तु पर्यायकी अपेक्षा देव, मनुष्य, नारक अथवा तिर्यंचगतिमें परिणाम बदला करता है अतएव अनित्य भी है. विभु अर्थात् व्यापक-सर्वत्र व्याप्त होनेकी सत्ता सहित है सामान्यतः स्वशरीरमें ही व्याप्त रहता है.

कर्म्म कैसे है ?

कर्म जड, पुद्गल और रूप सहित है. जड अर्थात् चेतना रहित हैं. पुद्गल अर्थात् नाश होनेवाले हैं. रूप

सहित अर्थात् आकृति वाले हैं; परन्तु अति सूक्ष्मताके कारण से वे चर्मचक्षुसे दिखाई नहीं देते हैं.

जीव अनन्त हैं. उनके दो भेद हैं, कर्म रहित अर्थात् सिद्ध और कर्म सहित अर्थात् संसारी. संसारी जीवोंकी भिन्न २ जातिएं तथा [1]योनिएं हैं. *वे जीव जो पृथ्वी, पानी (अप्), अग्नि (तेजस), वायु और वनस्पति रूपी काया में वर्त्तते हैं वे सिरफ स्पर्शन इन्द्रियोका विषय गृहण कर सकते हैं. इसलिये वे एकेन्द्रिय जातिके हैं. कृमि आदि स्पर्शन इन्द्रियोंके साथ रसन इन्द्रिय हो वे द्वीन्द्रिय जातिके होते हैं. ऊपर बताई हुई दो इन्द्रियोंके अलावा घ्राण इन्द्रिय होवे वे सिंटी आदि त्रीन्द्रिय जातिके हैं. चोथी दर्शन इन्द्रिय आंख जिनके अधिक हो वे भ्रमरा आदि चतुर्थ इन्द्रिय जातिके हैं.

---

१ जिनजीवोंका उत्पत्ति स्थान और उत्पत्ति समय स्पर्श, रूप, रस गंध समान वर्णवाले होतो वे एक जातकी योनी वाले कहलाते हैं और इसतरह सर्व जीवोंकी योनी मिलके चोरासी लक्ष योनिएं हैं—जैनमत.

* पृथ्वी पानी आदिमें जीव हैं यह विज्ञान (Science) से सिद्ध होचुका है.

जिनके मय चार इन्द्रियोंके पांचवी श्रवण इन्द्रिय कान होते हैं वे देव, मनुष्य नारक, पशु, पक्षी, मत्स्य, सर्प, नकुल आदि तिर्यंच पंचेन्द्रिय जातिके हैं.

वनस्पति रूपमें जो जीव गिने जाते हैं. वे दो प्रकारके हैं. फल, साल, काष्ट, मूल, पत्र, और बीज रूपो वनस्पति के एक २ शरीरमें एक २ जीव होता है वह हर एक अलग २ वनस्पति कहलाती है. जिनके शरीर, सांधा और गांड गुप्त हो अथवा जिनके बरोबर भाग हो सकते हैं और जो तंतु रहित तथा छेदे जाने पर उगनेवाली कांदा, अंगुर, अदरख, हलदर गाजर, आदि वनस्पतियोंके एक २ कायत्व में अनन्त जीव होते हैं वे अनंतकाय अथवा साधारण वनस्पति कहलाती है इनको निगोदभी कहते हैं.

पृथ्वीकाय अपकाय, तेजसकाय, वायुकाय, और निगोद [साधारण वनस्पति काय] इन हर एकके सूक्षम और बादर [स्थूल] दो भेद है उनमें जो सूक्षम है वे सर्व लोकाकाश व्याप्त हैं परन्तु चर्मचक्षुसे देखे नही जाते हैं. बादर, पथ्वी-काय, अप्काय, तेजसकाय और वायुकाय के असंख्य शरी-

रोंका और बादर निगोदके अनन्त शरीरोंका एक पिंड, चर्मचक्षुसें देखा जा सकता है, परन्तु प्रत्येक वनस्पति के एकादि संख्यात अथवा असंख्यात शरीरोंका पिंड देखा जा सकता है. केवलज्ञानी सर्व जीवों को देख सकते हैं.

जीवोंसे कर्म अनन्त गुने हैं वे सर्व लोकाकाशमें व्याप्त हैं. अलावा इसके जीवके एक २ प्रदेशमें शुभाशुभ कर्मकी अनन्त वर्गणाएं हैं उनको सर्वज्ञ जान सकते हैं.

जिसतरह खानमें रत्न, सुवर्ण आदि मृत्तिकासे व्याप्त (आच्छादित) होते हैं इसी तरह संसारी जीव सर्व लोकाकाशमें निरंतर व्याप्त कर्मोसे आवृत (आच्छादित) होते हैं.

भिन जाति- (स्वभाव अथवा सत्ता) वाले कर्मोका तथा अत्माका योग कैसे हुआ ?

जिस तरह खानमें पत्थर (मृतिका ?) को और उसमें व्याप्त सोना तथा अरणिके लकडाका तथा समावेश हुई अग्निका योग अनादि सिद्ध है. दुध और उसमें रहे हुए घीका योग समकालमें हुआ है. सूर्यकान्त मणिका और उस में व्याप्त अग्निका तथा चद्रकान्त मणिका और उसमें व्याप्त

अमृतका योग एक साथ उत्पन्न हुआ है. इसीतरह कर्म और आत्माका योग केवल ज्ञानियोंने अनादि संसिद्ध कहा है.

जिस प्रकार सामग्रीके योगसे सोना पत्थरमेंसे अलग हो सकता है. इसी प्रकार आत्माका कर्मोंके साथ अनादि संबंध होने परभी वह कर्मोंसे मुक्त हो सकता है.

—※※—

द्वितोऽधिकारः

जीव और कर्म अनादि हैं. जीव और कर्मका संयोग अनादि सिद्ध है. जिव कितनेक प्राचीन कर्मोंका नाश करता है और यथायोग प्राप्तहुए अथवा जैसे प्राप्त हो वैसे पुरःस्थित शुभाशुभ नये कर्मोंको ग्रहण करता है.

कर्म जड हैं इससे वे अपने आप आश्रय लेनेको समर्थ नहीं हैं. आत्मा बुद्ध (चेतनायुक्त) है अतएव सुखकी चाहनासे शुभ कर्मोंको जानता हुआ गृहण करता है; परन्तु दुःखका द्वेषी होने परभी जानते हुए अशुभ कर्मोंको कैसे गृहण करता है. कौन विद्वान स्वतंत्र होनेपर अशुभ वस्तुको जानकर ले ?

(जिस समयमें जो होनेका हो वह) काल (जीवके कर्म ग्रहण करनेका स्वभाव, नियति (भावितव्यता अथवा जो भावी भाव हो वह अवश्य होता है), पुर्वकृत (जीवके पूर्व-किये हुए कर्म) और पुरुषकार (जीवका उद्यम) ये सुख दुःखके पांच हेतु हैं इनकी प्रेरणासे जीव जानता हुआ जिस तरह शुभ कर्मोंको ग्रहण करता है. उसी तरह अशुभ कर्मोंको भी ग्रहण करता है जैसे कोई धनवान् स्वतंत्र मोदक आदि स्वादिष्ट वस्तुको खल जानता हुआ स्वभावसे खाता है. किसी मुसाफिरके इष्ट स्थानपर जानेका दूसरा मार्ग न होतो वह वहां शीघ्र पहुचनेकी इच्छासे शुभाशुभ रास्तोंका उल्लघन करता है. चोर. परस्त्रीगामी, व्यभिचारी, मतधारी और ब्राह्मण वैसे प्रकारके भाविभावसे जानते हुए शुभाशुभ कृत्य करते हैं. भिक्षुक, बंदीजन (भाट चारण और ऋषि (तत्त्व-ज्ञानी योगी) भिक्षाके स्निग्ध (घृतादिक स्नेहसे युक्त) अथवा रूक्ष जानकर जैसी मिले वैसी खाते हैं युद्धमें शूर घेरा जाने पर शत्रु और अशत्रुको जानता हुआ मारता है. रोगी निज रोगकी शान्तिकी इच्छा करताहुआ और अपथ्यसे भविष्यमें होनेवाले कष्टको स्वयम् जानता हुआ रोगसे परवश

होकर अपथ्यका सेवन करता है. उसी तरह जीवभी जानता हुआ शुभाशुभ कर्मोंको अवश्य गृहण करता है.

विना ज्ञानकेभी जीवका कर्म गृहण करनेका स्वभाव है. जैसे लोहचुम्बकके संयोगसे पासमें रखा हुआ सार अथवा असार लोहके बीचमें कुछ व्यवधान (अंतर) न हो तो वह लोह गृहण करता है. इसी प्रकार जीवभी काल आदिसे प्रेराकर अपने नजदीकके शुभाशुभ कर्मोंको विचार किये विना ('अनजानपनासे) गृहण करता है.

तृतीयोऽधिकार.

जीव स्वयम् अरुपी होनेपर वह इंन्द्रियो और हस्तादिकी मदद विना कर्मोंको कैसे ग्रहण करता है किसीका कोई वस्तु ग्रहण करना हो तव वह उस वस्तुका निरीक्षण करके पीछेसे हस्तादिसे उसको ग्रहण करता है. आत्मा स्वयम् ऐसा नहीं है तो भी वह कर्मोंको ग्रहण करता है. यह कथन कैसे घट सकता है ?

(

०आत्मा अपनी शक्ति तथा स्वभावसे इन्द्रियादि की मदद विनाभी भविष्यत कालमें भोगने योग्य कर्मोंको ग्रहण करता है. देखो ! *औषधिसे सिद्ध किये हुए पाराकी गुटिका को हस्तेन्द्रियादि रहित होने परभी दुध आदिका पान कराते हैं, शीशा तथा पानी को शोष लेता है, शब्द वेध करनेका वल देता है तथा शुक्रकी वृद्धि करता है. पारा चक्षु आदि इन्द्रियों रहित होने पर भी इतना काम करसकता है. तो आत्मा जिसकी शक्ति अचिन्त्य है वह क्या न करे ? वनस्पति भी हस्तादि विना आहरको ग्रहण करती है. नालियेरके मूलमें पानी सिंचने से उसके फलमें पानी पहूंचा हूआ प्रत्यक्ष मालूम होता है. इतना ही नहीं परन्तु प्रायःसर्व वस्तु अपने आप पानीको ग्रहण करके आर्द्र होती हैं यदि ऐसा कहा जाय

०जगत् कर्त्ता ईश्वर निरिन्द्रय निराकार होने पर भी अपनी अनंत शक्ति से भक्तो को देखता है, जपादि सुनता है, पुजादि का स्वीकार करता है और विना हस्त के पापका हरण करके उद्धार करता है–कर्तृवादी.

*अतिशय शृंगारवाळी स्त्री के अवलोकनसे पाराकुँए में से उठकर ऊँचा आता है–लोकोक्ति.

कि, यह तो पानी की शक्ति है जो दूसरी वस्तुओं में भेदन करके दाखिल होती है, तो उसमें व्यभिचार [बाध] आता है. मुद्ग शिला और कोरडुकण कभी भी पानी में नहीं भेदे जाते हैं यह तो जिसको जो वस्तु ग्रहण करने योग हो वे उसी वस्तुको ग्रहण करते हैं लोहचुम्बकका स्वभाव है कि यह सिवाय लोहके और किसी धातुको नहीं ग्रहण करता है इसी तरह जैसा २ भविष्यत कालमें बननेका हो वैसी प्रेरणा के वश होकर जीव कर्म पुद्गलोंको ग्रहण करता है. जैसे कोई सोता हुआ मनुष्य स्वप्न को देखकर मनमें अनेक प्रकारकी कल्पना करता है उस समय उसकी पांच इन्द्रिएं (स्पर्शनादि) और पांच कर्मेन्द्रिय (करपादादि) का बल नहीं प्रवर्तता है, उसी तरह आत्माभी इन्द्रियादि की मदद बिना कर्मोंको ग्रहण करता है. क्या तब यह स्वप्न भ्रम है ? नहीं ऐसा नहीं मानना चाहिये. कारणकि, समयपर स्वप्नका भी बहुत बड़ा फल होता है. स्वप्न देखने वाले को जैसा स्वप्न स्मर्ण में आता है वैसे जीवको कर्म ग्रहण किये का स्मर्ण नहीं होता है, यहभी कहना योग्य नहीं है क्योंकि, जैसा देखा हुआ स्वप्न याद नहीं आता है वैसे ही ग्रहण किया हुआ

कर्म्मभी यांद नहा आता है परन्तु हे जैसे किसीन स्वप्न देखा हो ठीक वसाही उसको फल देता है. इसी प्रकार कियेहुए कर्मभी किसीको ज्ञान विशपस फलते हैं. जैसे किसी उत्तम पुरुषको स्वप्न यथार्थ फल देता है वैसे कर्म भी जीवके लिये फल सहित होते हैं. जैसे किसीको स्वप्न निष्फल होता है वैसेही केवल ज्ञानीके लिये कर्म तत्क्षणनाश होनेसे फल रहित होते हैं.

अव उत्पत्ति कालसे लगाके अन्त तक आत्मा क्या २ करता है उसको भी स्वचितसे अभ्यन्तरमें विचार कर देखो गर्भके अन्दर सुक्र और रजके वीचमें रह कर यथोचित आहार करके इन्द्रिय वल विना अपने आप सर्व साधुओंको पैदा करता है. गर्भसे जन्म लिये वाद भी जैसा मिला वसा अ-आहार शरीरके अंदर गृहण करके तथा उसके विपाकसे अ पने आपकी धात्यादिक संपादन पूर्वक पुष्टी करता है, और रोम मार्गकी तरफ लजाकर खलको पडा रखकर, रसका आ श्रय लेता है और उसके मलका वारम्वार वलसे त्याग करता है. सत्व, रज, और तम इन तीन गुणोंको धारण करता हुआ आत्मा सद्ज्ञान, विज्ञान, क्राध, मान, माया, लोभ,

काम, हिताहित आचार, विचार, विद्या, रोग और समाधिको धारण करता है.

इस प्रकार आत्मा शरीरके अंदर कैसे क्रिया करता है क्या देहके अंदर उसके हस्तादि तथा इन्द्रियादि होते हैं ? कि, जिससे आहारादि प्राप्त करके निर्वाह करता है और मुदत पूरी होनेपर जिसतरह घरका स्वामी जाता है ठीक उसी तरह निकल जाता है:

अमूर्त आत्मा जो शरीरसे भिन्न है वह शरीरके अंदर स्थित करके और शरीरमें व्याप्त होकर क्रिया करता है, और सूक्ष्म तथा स्थुल रूपी द्रव्यको ग्रहण करता है तब वह सुक्ष्मतम कर्मोंको कैसे गृहण न करे ? * पुनः यह जीव हस्तादि रहित होनेपर भी एसे रूपी शरीरको आहार पानादिक इंन्द्रियो के विषयमे तथा शुभाशुभ आरंम्भ होनेवाले काममे कैसे प्रवृत होता है इसकाभी विचार करो ! यदि जीव

* जीव तैजस कार्मण शरीरसे यह सर्व करता है—जैन सिद्धान्त.

के उद्यम विना इंन्द्रियो तथा हस्तादि अङ्गोसे सब क्रिया होती हो तो जीवरहित मुरदे करमेन्द्रियादिसे क्रिया क्यो नही कर सकते हैं. इस परसे यह सिद्ध होता है कि, शुभाशुभ कर्म आत्माही करता है. अकेले अङ्ग नही करते हैं. तव अरूपी आत्मा सूक्ष्म कर्मोको कैसे ग्रहण न करे ? जिस तरह ध्यानी पुरुष बाह्यगत इन्द्रियोंकी मदद विना ईच्छित कार्य करता है. जिह्वाकी मदद विना जप जपता है. कर्णकी मदद विना सुनता है. और जल, पुष्प, फल तथा दीप इन द्रव्यो विना सदभाव पूजाको सफल करता है. इसी तरह यह जीवभी इंन्द्रिय तथा हस्तादिककी मदद विना इन काल स्वभावादि पंच समवायसे प्रेराकर कर्मोको गृहण करता है.=

जीवके एक २ प्रदेशमे अनंत कर्म लगे हुए हैं तो वे पिण्डभूत होकर द्रष्टिसे क्यों नहीं देखे जाते हैं ?

अपने जैसे चर्मचक्षुवाले सूक्ष्मतम कर्मोको नही देख सकते हैं; परन्तु ज्ञानी लोग सिरफ अपनी दिव्य ज्ञानशक्तिके

= ब्रह्मका ध्यान धरनेवाला इन्द्रियादिकी मदद विना ब्रह्मत्वको प्राप्त होता है—ब्रह्मवादी.

उदयसे उनको देख शकते हैं. जैसे किसी पात्रमें अथवा वस्त्रादिमें लगी हुई सुगंधमय अथवा दुर्गंधमय वस्तुकी सुगंध जान सकते हैं; परन्तु पिण्डिभूत होनेपर नयनादिसे देख नहीं सकते हैं इसी तरह जीवके लगे हुए कर्मभी अपनेसे देखे नहीं जाते हैं. सिरफ केवलज्ञानी स्वज्ञानके प्रभावसे उनको देख सकते हैं तथा जान सकते हैं. जिस तरह सिद्धपारेका पान किया हुआ सुवर्णादि मालूम नहीं होता है तथा द्रष्टिसे देखा नहीं जाता है परन्तु जब कोई सिद्ध योगी पुरुष उसको पारेमेंसे बाहिर निकालता है तब उसका अस्तित्व निश्चित होता है. इसी तरह जीवके लगे हुए कर्म मात्रको ज्ञानी लोग देख सकते हैं तथा जान सकते हैं. अन्य कोई सामान्य पुरुष उनको नहीं देख सकता है तथा जान सकता है.

चतुर्थोऽधिकार.

जीव अमूर्त तथा कर्म मूर्त है ये दोनो संयोग न्यायसे कैसे घट सकते हैं. भिन्न वस्तुएं आधाराधेय भावको कैसे धारण करती हैं ?

* जीवकी शक्ति और कर्मके स्वभावसे इनका संयोग घट सकता है. गुणका आश्रय द्रव्य है और संसारी जीव द्रव्यका गुण कर्म है अर्थात् गुण कर्म गुणी (जीव) का आश्रय ले यह न्याय है. अमूर्त आकाशके विचक्षण मूर्त तथा अमूर्त, गुरू तथा लघु सर्व पदार्थोंका विनाशी महान् आधार माना जाता है. विचार करो कि, यह अरूपी आत्मारूपी द्रव्योंको निरंतर कैसे धारण करता है? मिथ्यात्व द्रष्टि, भ्रम, कर्ममत्सर, कषाय, काम, कला, गुण क्रिया और विषय इनमेंका क्या २ शरीरमें रहनेवाला आत्मा धारण नहीं कर सकता है.? यदि ऐसा कहा जाय कि, ये गुण तो शरीर आश्रित है तो इस अवसरपर विचार करनेकी यह बात है कि शरीर जीवरहित होता है तो वे क्यों नहीं द्रष्टिसे देखे जाते है अर्थात् ये गुण शरीराश्रित नहीं है. परन्तु जीवाश्रित है. अधिक ख्याल करनेकी इसमे कोई वात नहीं है देखो! इस द्रश्यमान शरीर को अद्रश्यमान आत्मा कैसे धारण कर रहा है? इसीका ही

---

* कलपान्तकालमें सर्व विश्व निराकार ईश्वरमें लीन होगा तब भूतगण और गुणोकी स्थिति भी उसमें होगी.

कर्तृवादी.

विचार करो. अरूपी आत्मा और कर्म इसका संगम कौतुक उत्पन्न नहीं करता है. जैसे कापूर, हिंगादि अच्छी बुरी वस्तुकी गंध स्थिति माफिक आकाशको आश्रयकर रहती है. इसी तरह कर्म जीवके आश्रित रहते हैं इत्यादि प्रत्यक्ष दृष्टान्तोंसे निश्चय होता है कि, कर्म आत्माका आश्रय लेता है जो भवी (संसारी) कहलाता है इस तरह आत्मा और कर्मका आश्रयाश्रेय भाव सिद्ध हुआ.

पञ्चमोऽधिकार.

परमेष्ठी संज्ञावाले सिद्धात्मा अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अनंत सुख, और अनंत वीर्यसे जो दीप्त है. वे सिद्ध जीव कर्मोंका क्यों नहीं ग्रहण करते हैं? यदि उनके कर्म है तो उन शुभ कर्मोंका ग्रहण करनेवाला कौन है जो निषेध करता है?

सिद्धात्माओंके लिये कर्म ग्रहणका अयोग है. कारणिक, कर्मोंका ग्रहण सूक्षम तैजस् कार्मण शरीरसे होता है जिसका सिद्धात्माओंके लिये सर्वथा अभाव है सिद्धात्माओंको ज्यो-

तिप, चिद और आनन्दके भरसमुहसे सदा तृप्ति होती है. सुख दुःखकी प्राप्तिका कारणभूत काल स्वाभावदि प्रयोजको का सिद्धात्माओंके लिये अभाव है. सिद्धात्मा निरंतर निःष्क्रिय है अथवा सिद्धात्माओंका सुख वेदनीय कर्मके क्षयसे जो उत्पन्न हुआ है. वह अनंत है और कर्म शान्त है इसलेभी अतूल्य मानकी वजहसे कर्म सिद्धके सुखके हेतु नहीं हो सकते हैं. तात्पर्य यह है कि, सिद्धात्मा कर्मोंको गृहण नहीं करते हैं जैसे संसारमें क्षुधा और तृषासे मुक्त सुतृप्त जीवको तृप्तिकी कालमर्यादा नहीं होती है. जितेन्द्रिय तुष्ट योगीको कुछभी गृहण करनेकी वांछा नहीं होती है. जैसे पूर्ण पात्रमें कुछभी नहीं समा सकता है ठीक वैसे ही चिदानंदामृतसे परिपूर्ण सिद्धात्मा किंचित् कर्म गृहण नहीं करते है. जिस तरह मनुष्यको अदभुत नृत्यदर्शनसे सुख होता है इसी प्रकार सिद्धोंको विश्व वर्तावरूप नाटकके प्रेक्षणसे नित्य सुख वर्तता है.

सिद्धोंके कर्मेन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय अथवा शरीर इनमेंसे कुछ भी नहीं होता है तो वे कैसे अनंत सुखको प्राप्त करते है?

संसारमें कोई ज्वरादिसे पीडित हो और कदाचित् उसको निद्रा आई हो तो उसके संबंधीयोंका यह ख्याल होता है

कियह सुखम है इसको मत जगाओ निद्रावस्थामें इन्द्रिय-जन्य सुखके करपादादिकी क्रियादि कुछभी नहीं दिखता है तोभी सोते हुए मनुष्यको सुखमें होना कहा जाता है. जागृत (ज्ञानादि उपयोग वाले) सिद्धमें सदा सुख होता है अलावा इसके जो योगी आत्मज्ञानामृतका पान करता हुआ अपनेको सुखी मानता है वैसे ही किसी संतुष्टसे पुष्ट और जितेन्द्रिय मुनिको कोई दूसरा मनुष्य पूछता है कि, आपकी तबियत कैसी है. तब वह सुखी होना जवाबमें कहता है. उस क्षणमें उसके पास उत्तम वस्तुका स्पर्श, भोजनका योग, गंधग्रह, दर्शनका श्रवण अथवा पानीशादादिकी क्रिया आदि कुछ नहीं होते हैं तोभी संतुष्ट महात्मा 'मैं सुखी हूं' इस तरह वार-म्वार कहते हैं. उसका ज्ञान सुख वही जानता है. ज्ञानहीन उसका कथन करनेको समर्थ नहीं होते हैं. इसी प्रकार सि-द्धोंमें इन्द्रियोंके विषय तथा क्रियाएं विना अनंत सुखहै उनके सुखको वेही जानते हैं. ज्ञानी यह कहनको समर्थ नहीं है कारणकि, वे निरुपम हैं.

पष्ठमोऽधिकारः

जीवके कर्म्म गृहण करनेका स्वभाव है. यह मूल स्वभावको छोडके सिद्ध कैसे हो सकता है?

जीव और कर्मका अनादि सवन्ध है तोभी अच्छे प्रकारकी सामग्री मिलनेसे कर्म गृहण करना छोडकर जीव शिव पदको प्राप्त कर सिद्ध होता है. इसके विषयमें यह दृष्टान्त है. पारेका मूल स्वभाव चंचल और अग्निमें स्थिर रहनेका है परन्तु योग्य प्रकारकी भावना देनेसे वह्निमेंभी स्थिर रहता है अग्निमें दाहकनेका मूल स्वभाव है परन्तु योग्य प्रकारके प्रयोग, मंत्रयोग अथवा औषधिका लेपन करनेसे अग्निमें* प्रवेश करनेवालेको अग्नि दहन नहीं करती है. अग्नि भक्षण करनेवाल+ चकोर पक्षीको अग्नि अपना स्वभाव वदल जाने

---

* सन्त पुरुषों और सतियोको अग्नि दहन नहीं करती है—लोकोक्ति.

+ चकोर पक्षीचंद्रज्योत्स्नानका पान करता है—विद्ध-शालभञ्जिका.

से दाह नहीं करती है तथा अभ्रंक, सुवर्ण, रत्नकम्बल और सिद्ध पारेकोभी दाह नहीं करती है. उस समय अग्निमस उसकी दाहकता कहांचली जाती है? लोहचुम्बक-पाषाणमें लोह ग्रहण करनेका सहज स्वभाव है परन्तु जब अग्निसे मृत हो जाता है अथवा उसके प्रभावको हरण करनेवाली दूसरी औषधीसे उसको संयुक्त करनेमें आता है तब इसका लोह ग्रहण करनेका स्वभाव नष्ट हो जाता है. इस प्रकार सिद्धोका कर्म योग नष्ट हो जाता है जहां तक धान्यके मूल बीजके स्वभावमें विकार नहीं होता है तहां तक धान्य अंकुरकी वे उत्पत्ति करतें हैं परन्तु जब उस बीजमें किसी तरहका विकार पैदा हो जाता हैं तब अंकुरोत्पत्ति नहीं होती है. इसी तरह सिद्ध जीवमें कर्मबल जल जानेसे नवीन कर्म बंधन नहीं होता है. वायुका असली स्वभाव चंचल है परन्तु *जब पवनको पखालमें निरुद्ध करनेमें आता है तब वह चंचल स्वभाव कैसे चला जाता है? इसी तरह सिद्धात्माओंके भी कर्म्म ग्रहण करनेका स्वभाव चला जाता है इन और ऐसे दूसरे दृष्टान्तमें जिसतरह असली स्वभाव बदल जाता है इसी तरह जीवके

कर्म गृहण करनेका असली स्वभावभी सिद्धत्व प्राप्त करने पर चला जाता है इसमें कुछभी संचय नहीं है.*

सप्तमोऽधिकारः

मुक्ति मार्गकाद्वार सदाकाल खुला रहेगा और संसारभी भव्य शून्य नहीं होगा–यह वाक्य परस्पर विरुद्ध वचन विलाससे संगति युक्त नहीं लगता है. वह कैसे ?

भगवानका यह वचन असत्य नहीं है; परन्तु अल्प बुद्धि वाले जीवोंके चितमें यह बात नहीं बैठे यह स्वाभाविक है इस पर एक अलौकिक दृष्टान्त यह है उसके सुननेसे श्रोताजनोका मन स्थिर होनेकी समभावना है नदीयोंके हृद (मूल) मेंसे नदी प्रवाह निकल कर सदाकाल समुद्रमें वह जाता है तो भी न हृद खाली होती है न नदी प्रवाह वंद होता है और न समुद्र पूर्ण होता है. इसी तरह भव्य जीव संसारमेंसे नि-

---

* शुकादि मुनि आहार, भय, मैथुन और परिग्रह इन चार मूल संज्ञाको त्याग करके परब्रह्मरूप सिद्ध हुए हैं—शैवमत.

कल कर मुक्ति मार्गको प्राप्त करते हैं. तो भी संसार खाली नहीं होता है, भव्य जीव कम नहीं होते हैं और न मुक्ति पूर्ण होती है इस दृष्टान्त और दृष्टान्तिकका साम्य (सरखापना) सम्यक प्रकारके अवलोकन करनेवाली अर्हद्वचनमें प्रिति होगी तब होगा, अन्यत्र नहीं. दूसराभी अच्छा दृष्टान्त प्रमाणके जाननेवालोंको गृहण करने योग्य है. कोई बुद्धिशाली पुरुष जन्मसे लगाके मर्ण पर्यन्त तीन लोकके सर्व शास्त्रोका तथा हिंदुओंके छःदर्शन और यवन शास्त्रोंका आत्म शक्तिसे पठन करते हुए असंख्य आयुष्य निर्वहन करता है तोभी उसके अश्रान्त पाठसे उसका हृदय कभी भी शास्त्राक्षरोसे पूर्ण नहीं होगा. शास्त्राक्षर कम नहीं होंगे और शास्त्र खाली कभी भी नहीं होंगे इसी तरह संसारमेंसे चाहे जितने भव्य जीव मुक्ति को क्यों न प्राप्त करे ? तो मुक्ति पूर्णावस्थाको नहीं पहुचेगी भव्य लोग कम नहीं होगे और संसार कभी भव्य रहित नहीं होगा. अर्थात् मुक्ति मार्गका पथ अन्तराय विना चलू रहेगा इस दृष्टन्त और दृष्टान्तिककी भावनाको विज्ञ लोगोको अपने स्वचितमें स्थान देना चाहिये, तथा दूसरेभी दृष्टान्त इसी तरह समझने चाहिये.

अष्टमोऽधिकारः

परम् ब्रह्मका स्वरूप क्या है ?

परोपकार परायण (तत्पर) वीतराग सर्वज्ञ और सर्वदर्शी परमात्माने परब्रह्मका निवेदन इस तरहसे किया है. परब्रह्म निर्विकार, निष्क्रिय, निर्माय, निर्मोह, निर्मत्सर, निरंहकार, निःस्पृह, निरपेक्ष, निर्गुण, निर्जन अक्षर, अनाकृति, अनंतक, अमेमय, अप्रतिक्रम, अपुर्नभव, महोदय, ज्योतिर्मय, चिन्मय, आनंदमय, परमेष्टी, विभु, शाश्वत स्थितियुक्त, रोध विरोध रहित, प्रभासहित, जगत जिसका निसेवन करता है और जिसके ध्यानके प्रभावसे भक्तोंकी निवृत्ति होती हैं वे ईश्वर रूप है.

क्या परब्रह्म सृष्टिका कारण है और युगान्तमें परब्रह्ममेंही जगत् लीन होता है ?

परब्रह्मको सृष्टि रचनेका कोई प्रयोजन नहीं है. तथा उसके लिये उसको कोई *प्रेरने वालाभी नहीं है. यदि परब्र-

---

* काल स्वभावादि सर्व ब्रह्मगत है कतृवादी.

इसने सृष्टि रची हो तो वह ऐसी क्यों रचे. यह जगत् जन्म, मरण, व्याधि, कषाय, जुगार, काम और दुर्गतिसे व्याकुल है. परस्पर द्रोह और विपक्षसे लक्षित है. वाघ, हाथी. सांप और विछुओंसे व्याप्त है पारधी, माछी और खाटकीसे संचित है चोरी और जारादि विकारोसे पीडित है. कस्तुरी, चामर, दांत और चमडाके लिये हरिण, गाय, हाथी और चिताओंका घातक है. दुर्भिक्ष (दुष्काल) दुमारी और विडम्बरादिसे कलित है दुर्जाति दुर्योनी और कुकीटोंसे पूरित है. विष्टा दुर्गन्ध और कलेवरोंसे अंकित है दुष्कर्मको निमार्ण करनेवाले मैथुनोसे अंचित है. सप्त धातुसे निष्पन्न शरीरसे समाश्रित है प्रचन्ड पाखण्ड घटासे विडम्बित है. नास्तिको सहित सर्व मनुष्योंसे निंदित है वितर्कके सम्पर्कवाले कुतर्कसे कर्कश है. वर्णाश्रमके भिन्न २ धर्म्म और षड्दर्शनके आचार विचार सम्बन्धि आडम्बरसे युक्त है. नाना प्रकारके आकृतिवाले देवताओंकी इसमें पूजा होती है पुन्य और पापसे होते हुए कर्मके भोगको देनेवाला है. स्वर्गापवर्गादि भवान्तरोका इसमें उदय वर्त्तता है. श्रीमन्त और निर्धन, हिन्दु और तरुष्कादि भेदोसे भरा हुआ है. इसमें कितनेक परब्रह्मके साथ वैर धारण करनेवाले हैं और कितनेक परब्रह्म खंडन और हास्य

करनेवाले तथा कितनेक परब्रह्मकी पूजाके रागी जीव है. कारणकि, जो देखा जाता है वह विपरीतही है. परब्रह्मके स्वरूपसे सर्वथा भिन्न है ; विद्वान लोग कहते है कि, कार्यमें उपादान कारणके गुण होने चाहिये. संसारमें जो अनित्य वस्तु दिखती है वह यदि सृष्टि समय ब्रह्मसे उत्पन्न हुई हो तो योगी लोग इसको जुगुप्सनीय गीनकर शीघ्र त्याग कर वैराग्य क्यों लेते हैं? यदि द्वेष रागादिसे विरूप जगत्स्वरूप उत्तम योगी लोगोंके त्याग करने योग्य हो तो वेही सर्व युगान्तमें परब्रह्मको अपने अंदर धारण करने योग्य कैसे होते है ? इससे यह मालूम होता है कि, चाहे तो परब्रह्ममें विवेक न हो अथवा शुकादि यानियोंमें न हो. जो बात ब्रह्मको करने योग्य तथा धारने योग्य है. वह अन्य पुरुष शुकादि योगियोको त्याग करने योग्य है सृष्टि ब्रह्ममेंसे उत्पन्न हुई तथा इसका प्रलयभी इसमें ही होगा ऐसा कहनेवाला ' ब्रह्म ' अति मूढ है यह क्यों नहीं निवेदन करते ? क्या इसमें ब्रह्मको वानताहतिका दोष नहीं लगता ? संसारमें एक आद ब्राह्मणकी घात होतो बडी हत्या हुई ऐसा कहा जाता है. तब सृष्टिके संहार कर्त्ता ब्रह्माको वह हत्या कैसी लगे ? दयालुको अदयास्वर चित सृष्टिका संहार करते ब्रह्मको हत्या न लगे यह जो कहते हो

तो पुत्रोंको उत्पन्न कर २ के मारने वाले वापको भी कोई दोप नहीं लगेगा. यह तो ब्रह्मकी लीला है इस लिये संहार करनेवाले ब्रह्मको पाप न लगे यह जो कथन हो तो मृगयाको जानेवाले राजाकोभी जीव हत्या करते पाप नहीं लगता है. स्वभावसे अथवा कालसे प्रेराकर सृष्टिका संहार करते विभुको पाप लगता न हो तो और इस अशस्त संहारमें वलिष्ट स्वभाव और काल ब्रह्मको प्रेरते हो तो सृष्टि संहारमें स्वभाव और कालही हेतु रहने दो. युक्तिमें नहीं वैठे वैसे ब्रह्मका क्या काम है ? जो लोग सृष्टि रचनेका और संहार करनेका ब्रह्ममें आरोप रखते हैं वे ब्रह्मकी महिमा प्रगट नहीं करते हैं; परन्तु निर्दूपणमें दूपणका आरोप करते हैं. ब्रह्मको निष्क्रिय कहकर उसकोही पुनः जगत् रचनेवाला कहना यह मेरी माता वांझनी है इसके सदृश है. जो कोई विज्ञानवंत है वह सर्वत्र ब्रह्मका चिन्तन करता है . जो जीव ब्रह्मांश होगा तो ब्रह्म उनको परिश्रम विना खुदही अपने पास ले जायगा. यदि ब्रह्मकी प्राप्तिके लिये नीरागता, निःस्पृहता, निर्दयता, निष्क्रियता, जितेन्द्रियता और समानता आदि करने योग्य हो और यदि ब्रह्मकी इसमेंही प्रीति हो तो ब्रह्ममें निष्क्रियत्व सिद्ध हुआ. यदि ऐसा कहनेमें आवे कि, ब्रह्मका स्वभाव ही सक्रिय और

निष्क्रियादि है तो कर्त्ताके अनेक स्वभावकी वजहसे कदाचित इसमे अनित्यता, द्वेष, राग हो ! दृष्टिसे भी यही दिखता है ! ! ब्रह्म नित्य है. इस पंचायव* वाक्यसे व्याप्त (ज्ञान) भी न हो ! नित्य वही है जो एक स्वरूप है, जैसे आकाश. सृष्टि रचनेमें और युगान्तमें संहार करनेमें कर्त्ताको मनःस्थ सक्रियता अच्छी तरह मालूम होती है ! सृष्टि संहारके अभावमें निष्क्रियता रहती है !! तथा जीवोंको सुख दुःख दिखता है इससे इसमें राग द्वेषभी सिद्ध होता है ! यदि यही तर्क हो-कि, जैसा कृत्य वैसाही सुख दुःख तो फिर कर्त्ताका क्या पराक्रम ? इस परसे यह निश्चय हुआ कि, स्वपुण्य पापही सुख दुःखके हेतु हैं- यदि जीव ब्रह्मांश हो तो ब्रह्मांश एकसे होनेसे वे सब एक बरोबर हैं. बहुत प्रकारके जीव सुखी और दुःखी दिखते हैं तब इन भेदका करनेवाला ब्रह्मसे कोई अन्य निश्चय होना चाहिये. यदि जीव ब्रह्मसे भिन्न हो और सुख दुःखका कर्त्ता ब्रह्म हो तो वह जिस हेतुसे सुख

---

* १ ब्रह्म नित्य है. २ एक स्वभावत्व होनेसे. ३ जो एक स्वभाव वाला हो वह नित्य, जैसे आकाश. ४ ब्रह्म वैसा है. ५ इस लिये ब्रह्म नित्य है.

दुःख करता है वह हेतु (पुण्य पाप) का कर्त्ता भी वह (ब्रह्म) ही हो! ब्रह्मको निरञ्जन, नित्य, अमूर्त और अक्रिय कहकर फिरसे इसको ही कर्त्ता, संहर्त्ता और रागद्वेषादि का पात्र कहना यह परस्पर विरुद्ध होनेसे यह जगत भिन्न है और यह ब्रह्मभी भिन्न है. यह मुनियोंका कथन है और इससेही संसार स्थित मुनि मुक्तिके लिये परब्रह्मका ध्यान करते हैं.

* जो कोई ईश्वर (विष्णु) की मायाको जगत्की रचनामें हेतुभूत कहते हैं उनको यह विचार करना चाहिये कि, ईश्वर मायामें आश्रित है या माया ईश्वरमें आश्रित है? माया जड होनेसे अपने आप आश्रय लेनेको समर्थ नहीं है. ईश्वर ब्रह्मरूप होनेसे मायाका आश्रय नहीं लेता है कारणकि चेतन परतन्त्र हो तो ही जडका आश्रय लेता है. पुनः विचार करनेका यह है कि, ईश्वर मायाको एक ही समयमें प्रेरता है या हरएक जीवप्रति पृथक २ प्रेरता है? यदि माया एकही समयमें प्रेरनेमें आती हो तो उसके एक रूपताकी वजहसे तीनो लोक एक स्वरूप सर्व सुखमयी अथवा सर्व दुःखमयी होवे,

---

* विष्णुकी मायासे जगतकी रचना होती है वैष्णवमत.

भिन्न रूप न होवे. यदि मायाको हरएक जीव प्रत्य पृथक् २ प्रेरनेमें आती हो तो मायाको अनंतता प्राप्त हो जिससे माया अनेक प्रकारकी होवे और जीवभी भिन्न २ रूप होवे. ऐसा कभी कहनेमें आवे तोभी माया जड है वह क्या कर सकती है? ईश्वरकी शक्तिसे माया सब कुछ करनेको समर्थ हो तो ईश्वरही सुख दुःखका दाता होता है! अच्छा जीवोंने ईश्वरका क्या अपराध किया है कि वह हरएक जीव प्रती एसी माया को प्रेरे? निरापराध जीवोको इस प्रकार दुखादि दे वह ईश्वर कैसा? जो ईश्वरका ध्यान नहीं करते हैं वे ईश्वरके अपराधी होनेसे ईश्वर उनको दुःख करता है और जो ईश्वरकी सेवा करते हैं उनको सुखकी श्रेणि देता हो तो वह ऐसी प्रतिक्रिया करनेवाला ईश्वर तो रागी द्वेषी गिना जाता है. जो ईश्वरको न निंदता है और न वंदन करता है उसकी क्या दशा होगी. संसारमें जीव तीन प्रकारके है. सेवक, असेवक और मध्यम, जब पहिले दो प्रकारके जीवोंकी गति है तो मधस्थ जीवकीभी कोई गति अवश्यमेव होनी चाहिये. मध्यस्थ जीवकी कोई गति है तो उसका कर्त्ता कौन है ? तब यही कहना बहतर होगा कि, जैसा कर्म किया है वैसाही सुख दुःख मिलता है.

यदि कोई कहे कि, ईश्वर कर्त्ता अपनेमेंसे जीवोंको प्रगट करके संसारिभाव बताता है और महा प्रलयके समय वापिस इसका संहार करता है इसके जवाबमें यह पूछनेका है कि, ईश्वर विद्यमान जीवोंको प्रकट कर्त्ता है या नये जीवोंको? यदि प्रथम पक्ष है तो यह बात श्रवण करो! यदि जीवोंको इष्ट स्थानमें रखकर क्रियावसरपर प्रगट करे तो वह अपने जैसा अवसर न मिलनेके भयसे रक्षा करने वाला होना चाहिये इस परसे तो ईश्वरमें अशक्ति मालूम होती है. यदि ईश्वरकी अचिन्त्य शक्ति है तो क्या वह लोभी है यह कहना मांगते हो? यदि नये जीवोंको रचकर संसारी भाव बताता हो तो मूलके स्वरचित जीवोंको मुक्त करनेको क्या समर्थ नहीं है कि, जो इस प्रकार विडम्बना देता है? यदि ईश्वर स्वरचितका भी इस तरहसे संहार करे तो यह इसका कैसा विवेक? बालकभी स्वकृत वस्तुको बने जहांतक अच्छी तरह रखता है.

यदि ईश्वरकी यह लीला हो तो लीला करने वाले लोगोंकी भी निंदा करना उचित नहीं है तप, यम, ध्यान प्रमुखसे यदि ईश्वर लभ्य हो और ईश्वरको यह रुचता हो तो

जिसको यह रुचे वह कदापि ऐसी लीला नहीं करे संसारमें भी जीवादिका जिसमें घात होता हो वैसी सब लीलाओंका ईश्वरने निषेध किया है. दूसरोंको निषेध करे और खुद आचरण करे यह जो अतीव निंदित होता है वहही करता है इस प्रकार विचार किये विना काम करनेवालेको हम ईश्वर नहीं कहते हैं. यदि खुद ईश्वर पवित्र, स्वजनको पावन करने वाला और ज्योतिर्मयादि गुणोंसे विशिष्ट होनेपरभी यह स्वअंशोको स्वरससे विमोह पाडकर संसारिभावमें रचकर वहुत दुःखका पात्र जीवत्व प्रेरता हो तो यह जीव ईश्वरांश नहीं है. दूसरे चाहे क्यों न हो ! ईश्वर निजांशोको जानता हुआ अपने रम्य स्वरूपमेंसे निकालकर जिसके उदरमें संकटकी सन्दूक है वैसे दौर्गत्य दौस्थ्यादिमय (दुर्गति और दुःस्थितिवाले) इस संसारमें सहसा कैसे प्रेरे ? यदि ईश्वरकी यह लीलाहोतो यह संसारही इसको इष्ट है तव संसारी जीवोको ईश्वरकी प्राप्तिके लिये उग्र कष्टादि क्यों कर करने चाहिये ? इस प्रकार असंवद्ध उद्गार निकालने वाले वचनकी कदापि प्रतीति नहीं होती है.

तव क्या कहनेका है ?

जो कुछ कहनेका है उसे धियान देकर सुनो. ज्योतिर्मय, चिन्तमय, सदा एक स्वरूप, लोगोंके सुख दुःखका हेतु जो देखता है और योगीश्वरोको जिसका स्वरुप ध्येतम हैं वे परमात्मा हैं. जीव तथा प्रकारके कर्मके योगसे सुगति अथवा दुर्गति, सुख अथवा दुःख पाते हैं जब जीव समान भावको धारण करता हैं तब ब्रह्मत्वको प्राप्त होता है परमेश्वरके विषयमें सृष्टि संहारकी कथाकी प्रवृत्ति करनेसे यदि लोगोंकी तुष्टि होती हो तो स्फुर्ति और प्रभावका प्रतिपादन करनेके लिये ईश्वरकी स्तुति करना योग्य है. परमेष्टि परमेश्वको कर्त्ता कहना योग्य नहीं है जैसे संसारमें कोई शूरवीर अपने स्वामीके शस्त्रोंसे शत्रुओंको जीतकर निज अंगमें सुख करनेसे कर्त्ता होता है तथा परमेश्वरका ध्यान करने वाला परमेश्वरके ध्यानसे आत्माका सुख करनेसे कर्त्ता है, और आत्माके अंधकारको अपहार करनेसे सहर्त्ता है. जैसे शूरवीरके शस्त्र काममें लानेसे शस्त्रके स्वामीको कुछभी प्रयास नहीं करना पडता है तथा भक्तको ईश्वरका ध्यान करनेसे ईश्वरकोभी कुछ क्रिया नहीं करनी पडती हैं इससे ईश्वरकी निष्क्रियता सिद्ध होती है.

जैसे शुरवीर शस्त्रके प्रभावसे सुख होनेसे सुख करनेवाला शस्त्रका स्वामी कथन करे इसी प्रकार भक्तभी ध्यानके प्रभावसे सुख होनेसे सुख करने वाला ध्यानके स्वामी-परमेश्वरकोही कहते हैं इस प्रकार अनेक दृष्टान्तोंसे परमेश्वरका ध्यान करने वाले भक्तको सृष्टि संहारका कर्त्ता प्रतिपादन किया जा सकता है.

-※※-

नवमोऽधिकार.

ब्रह्म अर्थात् क्या ?

ब्रह्म वही है जिसको सिद्ध कहते है. शुद्ध चितवाले मुनियोंको जो ध्यान करने योग्य है आर मुक्तिगृह प्रति जानेकी इच्छावाले योगी लोग जिसको भव समुद्रमें *प्रवहण समान गिनते हैं.

---

* जिस तरह प्रवहणकी मददसे समुद्रके किनारे पहुंच सकते हैं परन्तु गृह जानेके लिये प्रवहणको छोडकर चलना आदि रचालम्बन करना पडता है इसी तरह सिद्धके ध्यानसे संसारको पार पासकते है परन्तु मुक्तिमें पहुंचनेके लिये सिद्धका ध्यान छोडकर संमभाव लक्षण आत्म ध्यान करना पडता है पर्यायकार.

यदि यह सृष्टि ब्रह्ममेंसे उत्पन्न नहीं हुई है, तो वह कहां से उत्पन्न हुई और कहां प्रलय होगी ?

त्रिकाल ज्ञानी वीतराग योगियोंने कथन किया है, कि, काल, स्वभाव, नियति, कर्म और उद्यम (वीर्य) इन समवाय पंचकसे सृष्टि और संहार होता है.

पुरातन तत्त्वविद् महात्मा लोगोंका कथन है, कि, ब्रह्ममें ब्रह्म लीन होता है और ज्योतिमें ज्योति मिल जाती है. यह प्रवाद (कथन) ब्रह्म विना कैसे घटे ?

विज्ञ लोग ज्ञानको ब्रह्म अथवा ज्योति कहते हैं. एक सिद्धका ब्रह्म (ज्ञान अथवा ज्योति) सर्व दिशाओंमें अनंत क्षेत्रको आश्रकर रहा है. उन्ही क्षेत्रोंको आश्रकर दूसरे सिद्ध का जीव तीसरे सिद्धका यावत् अनंत सिद्धोंकाभी ब्रह्ममें रहा हुआ है. और इस परसे यह कहा जाता है कि, ब्रह्ममें ब्रह्म लीन होता है. और ज्योतिमें ज्योति मिल जाती है.

यदि ऐसा होता तो क्षेत्रका सांकार्य कैसे न हो तथा परस्पर आलिंगित ब्रह्मको संकीर्ण कैसे न हो ?

जिस तरह किसी विद्वानके हृदयमें बहुत शास्त्राक्षरोंका संग्रह होनेपर छाती संकीर्ण नहीं होती है. तथा अक्षरोंको परिपिण्डता नहीं होती है इसी तरह ब्रह्म परम्पराश्रित ब्रह्म (चिद्) से सर्वत्र आश्लिष्ट क्षेत्र (दिव) संकीर्ण नहीं होता है और ब्रह्मको सांकीर्य नहीं होता है इसी प्रकार सिद्धोंसे परिपूरित सिद्धक्षेत्र संकीर्ण नहीं होता है. और सिद्धान्त परम्पराश्रित सिद्ध सांकीर्णपन रहित जयवंत वर्त्तते हैं.

दसमोऽधिकार.

१ निगोद जीव अनंत काल तक निगोदमेंही रहते हैं नारकीजीवोंके दुःखसे अनन्त गुणा दुःख उनको भोगना पड़ता है और अल्प समयमें अनेक वार जन्म मर्ण करना पडता है उनके * मनभी नहीं होता है जो जीव व्यवहार

---

१ निगोद्के जीव दो प्रकारकी राशियोंमे हैं अव्यवहार और व्यवहार उनमें निगोद संज्ञासे सामान्यतः अव्यवहार राशिको ग्रहण करते हैं.

* सर्व एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रिन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जीवोंके मन नहीं होता है. पंचेन्द्रिय जीवोंमें संज्ञी है उनके मन होता है, असंज्ञीके मन नहीं होता है—जैन सिद्धान्त.

राशीमें आते हैं वे क्रमसे विशिष्ट होते हैं व्यवहार राशीमें से जो जीव वापिस जाते हैं वे फिर निगोद जैसे उत्पन्न होते हैं यह किस तरह होता है ?

निगोदके जीव अपने जाति स्वभावसे और माहातिंदा-यक उत्तर कालकी तादृश प्रेरनासे सदैव दुःख पाते हैं. अत्र दृष्टान्त यह है कि, लवण समुद्रका पानी सदा खारा होता है अंनत कालमें भी पीने योग्य नहीं होता है तथा वर्णांतरको भी नहीं प्राप्त होता है. लवण समुद्रको अपनी इसी हालतमें अनंतान्त काल होगये जिसतरह लवण समुद्रका पानी मेघके मुखसे प्राप्त होनेपर गंगादि महा नदीमें आनेसे पीने योग्य होता है. इसीतरह निगोदमेंसे निकलकर व्यवहार राशिमें आये हुए जीव सुखी होते हैं जैसे गंगादि महानदीका पानी लवण समुद्रमें वापिस जानेसे समुद्र जल रूप और रस युक्त कडवा होता है. वैसेही व्यवहार राशिमेंसे निगोदमेंसे वापिस गये हुए जीव निगोद जैसे दुःखी होते हैं. दूसरा दृष्टान्त दुर्मान्त्रिक–के हृदयमें दुर्मन्त्रके जो वर्ण होते हैं वे उच्चाटन कहलाते हैं. दुर्मान्त्रिकके हृदय जैसा निगोदका स्थान है दुर्मन्त्रके जीव जैसे निगोदके जीव हैं. सन्मन्त्रके वर्ग जैसे

व्यवहार राशिके जीव हैं. जिसतरह दुर्मन्त्रमेंके वर्णोमेंसे जो वर्ण सन्मंत्रमें आवे वे शुभ कहलाते हैं. इसी तरह निगोदके जीवोमेंसे जो व्यवहार राशिम आते हैं वे विशिष्ट होते हैं जैसे सन्मंत्रमेंके वापिस दुर्मन्त्रमें स्तेमाल हो उच्चाटन दोषसे दुषित होते हैं वैसे ही व्यवहार राशिमें से निगोदमें वापिस आयेहुए जीव निगोदके सदृश होते हैं पंडितलोगोको स्वबुद्धिसे इस प्रकार दृष्टान्त योजना चाहिये.

निगोदके जीव समस्त लोकमें व्याप्त हैं वे घनीभूत (गोलाका आकार) होने पर दृष्टि पथमें क्यों नहीं आते हैं ?

निगोदके जीव अति सूक्षम नाम कर्मके उदयसे एक शरीरको आश्रकर अनंत होते हुए भी नहीं दिखते हैं जिस तरह कलेवर और हिंग आदिकी गंध परस्पर मिलनेसे अन्य वस्तु अथवा आकाशमें सकीर्णता नहीं होती है. तथा निगोद जीवोके परस्पर आश्लेषसे उन खुदको सदा काल आते हरकत रहती है, परन्तु अन्य वस्तु तथा आकाशको संकीर्णता नहीं होती है जिस तरह गंधादि वस्तुकी सत्ता नाकसे जानी जाती है; परन्तु आंखसे नहीं देखी जाती है. इसी तरह निगोद

के जीव श्रीजिन वचनके प्रभाव से मनसे जाने जाते हैं परन्तु देखे नहीं जा सकते हैं. केवल ज्ञानी सिरफ उनको जान सकते हैं. जिस प्रकार सर्वत्र उडती हुई अति सूक्ष्म रज नहीं दिखती है और राशिभूत होती हुई भी नहीं जाती है; परन्तु आच्छादित वस्त्र प्रदेशके छिद्रमें पडेहुए कीर्णोंके प्रतिबिम्बमें उडती हुई त्रस रेणु दिखती है इसी तरह निगोदके जीव दिव्य दृष्टिसे देखे जाते हैं.

निगोदादिके जीव आहार करने परभी किस गुणकी वजहसे गुरुताको प्राप्त नहीं कर सकते हैं. ?

पारा जिसतरह विविध धातुओंको खाने परभी गरिष्टताको प्राप्त नहीं होता है, चम्पाके पुष्पोंसे वासित अथवा कृष्णगरु धुपसे धुपित वस्त्र मलभारसे गुरुताको प्राप्त नहीं होता है एक तोला सिद्ध किये हुआ पारा सौ तोले सोना पचाने परभी उसका तोल नहीं बढता है. अथवा *परवालके अंदर पवन भरने परभी उसका वजन नहीं बढता है ठीक वैसेही जीवभी आहार करता हुआ गुरुतामें नहीं बढता है.

निगोदके जीव कौनसे कर्मसे अनंतकाल तक अति दुःखित होते हैं ?

इस विषयमें सम्पूर्ण विचार ज्ञात करनेको केवली शिवाय कोई समर्थ नहीं है तो भी इनका आशय समझानेके लिये किंचित कर्म प्रकार कहनेमें आता है. निगोदके जीव स्थूल आस्रव सेवनेके लिये समर्थ नहीं हैं. परन्तु वे एक २ को छेद करके एक २ शरीरके अनंत आश्रित हैं पृथक २ देहरूपी गृहसे रहित हैं परस्पर द्वेषके कारण भूत तैजस कार्मण शरीरसे संस्थित हैं और अत्यन्त संकीर्ण निवास मिलनेसे अन्योन्य भेदके निकाचित वैर बांधते है और वह प्रत्येकके लिये उग्रपनमें अनंत जीवोंके साथ कारण भूत होता है. जब कि, एक जीवके साथ बांधाहुआ वैर अविजय है तब जीवने जो अनंत कालतक जीवोंके साथ वैर बांधाहुआ अनंत कालतक कैसे न भोगा जाय ? पुनः उस वैरकी वृद्धि होनेसे उससेभी अधिक कालतक कैसे न भोगा जाय ? अर्थात् निगोद जीवोंका वैर दुष्कर्म और इनके भोगनेका अनंत काल है. गुप्तिगृह-(कैदखाना) में पडेहुए कैदी जिसतरहँ परस्पर समर्दनसे पीडाते हुए भी यह खियाल करते है कि, अपने साथियोंमेंसे कोई मरे अथवा जाय और अपने लिये भक्ष्य अधिक प्रमाणमें मिलनेकी तथा सुखसे बैठनेकी दुष्ट भावना भोत हैं और

इससे एक २ प्रति निकाचित अत्यन्त वैर पूर्वक कर्म बांधते हैं तथा उनकी वृद्धिसे उनको अति दुष्कृत लगता है इसी तरह निगोदके जीवोंके कर्म बंधनके विषयमें जानना चाहिये देखो ! अति संकीर्ण पंजिरेमें बंध कियेहुए पक्षी और जलादिमें पकडीहुई मच्छली परस्पर दुःखसे द्वेष युक्त होनेपरभी अति दुःखी होती हैं. बुध कहते हैं कि, चोरका मारा जाना और सतिके अग्निमें प्रवेशके कतुहलसे देखने वाले आदि द्वेषके भी समुदायी कर्म बांधते हैं और बांधेहुए कर्मोंको चाहे जिसप्रकार से भोगने पडते हैं. इस प्रकार कौतुकसे बंधेहुए कर्मोंका विपाक अति दुःखदाई होता है तो फिर निगोदके जीवोंके परस्पर बांधा जन्म विरोधसे अनंत जीवोंके साथ बांधेहुए कर्म का भोग अनंतकाल होने परभी पुर्ण न हो इसमें क्या आश्चर्य है ?

निगोदके जीवोंके मनन होने परभी वे तंदुल मत्स्यके सदृश अथवा जिसका परिपाक अनंत कालतक पहुंचे वैसे कर्म क्यों कर बांधते हैं ?

निगोदके जीवोंके मन न होनेपरभी अन्योन्य पीडासे उनके दुष्कर्म तो उत्पन्नही होता है ? विषको चाहे जान्ते हुए

खाया हो अथवा अजानसे खाया हो तो भी वह मारताही है. यह बात जानते हो तो खुद अथवा दूसरा चकित्सा करे कि, जिससे कदाचित वचनेका संभव हो सकता है; परन्तु अज्ञान पन तो मारही डालता है. इसी तरह मन विना परस्पर उत्पन्न हुआ वैर अनंत काल भोगने परभी पूरा नहीं होता है. निगोदके जीवोंके मन नहा है परन्तु मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और काय योग होता है जो कर्म योगका वीज है.

एकादशमोऽधिकारः

सर्व विश्वनिगोदके जीवोंसे परिपूर्ण है इसमें कर्म अन्य पुद्गल शरीर और धर्मास्तिका यादि कैसे समावेश होते हैं ?

जिस प्रकार गांधीकी दुकानमें कापुर, कस्तुरी, जायफल और पुष्पकी सुगंधी, सुर्यका ताप, धुपका धुम, वायु, शब्द, त्रस रेणु आदि समावेश होते हैं; इसी तरह पुरुषके हृदयमें शास्त्र पुराण होते हैं तोभी वेद, स्मृति, व्याकरण, कोष, ज्योतिष, वैद्यक, आशिष, राग, मंत्र आम्नाय (परम्परागत

विधान), ध्यान, मंत्र, तंत्र, कलावार्त्ता विनोद, स्त्री विलास दान, शील, तप, भाव, क्षान्ति, (क्षमा) धृति, सुख, दुःख सत्व, रज तम, कषाय, मैत्री, मोह, मत्सर, शंका, भय निर्भय आधि आदि समावेश होते हैं; जिसतरह वनखंड-जंगलमें रेणु, त्रसरेणु, सूर्यकी गर्मी, अग्निकी गर्मी, पुष्पकी सुगंधी, वायु, पशु, पक्षीके शब्द, वादित्रके नाद, पत्तियोंकी खडखडाट आदि सर्व समावेश होते है इसी प्रकार सर्व लोक निगोदसे सदा परिपूर्ण होने परभी सर्व द्रव्यका समावेश इसमें होता है इतनाही नहीं परन्तु द्रव्योंसे निचित होते हुएभी तादृश आकाश रहता है.

द्वादशोऽधिकारः

जगत्के जीव कर्मके मुताबिक सुख दुःख भोगते हैं. कर्म गणको प्रेरणा करने वाला कर्त्ता विधि, ग्रह, यम, परमेश्वर अथवा भगवान कोई अवश्य होना चाहिये. जीव स्वभावसे ही सुखका रागी और दुःखका द्वेषी होनेपर भी वह स्वेच्छासे शुभ और अशुभ कर्मोंको कैसे भोगता है ?

जीव स्वभावसेही शुभाशुभ कर्मोंको गृहण करता है. स्वकर्मके विना जीवको सुख दुःख देनेवाला और कुछभी नहीं है. कर्मके सिद्धान्तको जाननेवाले कर्मकोही भाग्य, स्वभाव, भगवान, अदृष्ट, काल, यम, दैवत, दैव, दिष्ट, विधान, परमेश्वर, क्रिया पुराकृत, विधा, विधि, लोक, कृतान्त, नियति, कर्त्ता, प्राक्कीर्ण खेल, प्राचीन खेल, विधाताके लेखादि नामसे शास्त्रमें प्रतिपादन किया है.

कर्मको कोई प्रेरने वाला अवश्य होना चाहिये, कर्म अजीव और जड हैं वे क्या कर सकते हैं ?

कर्मका यह स्वभाव है कि, वे किसीकी प्रेरणा विना अपने आपही आत्माको स्वभाव रूप योग्य फल देते हैं वे जीव जो अब अजीव शरीरके साथ संबंध रखते हैं और जीते हैं. पहिले जिन्दा थे और भविष्यमें जिन्दा होंगे. उन सबके साथ कर्मोंका त्रिकालिक संगम धियानमें रखना ही अच्छा है इस समस्त जगत्में षड द्रव्य और समवायमके विना कुछ नहीं है. जीव और धर्मास्तिकायादि पांच अजीव ये छः द्रव्य हैं. धर्मास्ति काय जीवकी चलनेमें सहायता करता है, अधर्मास्तिकाय स्थिति करनेकी प्रेरणा करता है. आकास्तिका-

यका अवकाश देता है और पुद्गलास्तिकायसे जीव अहार विहार करता है पुद्गलास्थिति कायमें कर्मोंका अंतर्भाव होता है. काल आयुष्यादि सर्व प्राण युक्त वस्तुका प्रमाण करनेमें उपयोगी है. कालादि पंच समवायके सामर्थ्यसे जीव कर्मोंका गृहण, धारण, भोग और शमन करता है अर्थात् आत्माकी अजागृत दशामें जीवोंसे अजीव सबल है. जिनसे प्रेराकर जीव सुख दुःखके भागी होते हैं. जीव शुभाशुभ कर्मोंका गृहण करता है और कर्म स्वकाल मर्यादाको प्राप्त करके जीवोंको सुख दुःख देता है—यहही इसका स्वभाव है.

जीव शुभाशुभ कर्मोंको गृहण करता है और गृहण करनेके स्वभावसे वह गृहण करते समय यह जानता है कि स्वाभिप्रायके मुताबिक इष्ट करता हूं. यह बात मानने योग्य है; परन्तु कर्म जड होनेसे भोग कालको कैसे जानेकि, जिससे प्रगट होसके ? क्या आत्माभी दुःख भोगनेका कामी है जिससे कि, वह दुष्कर्मको आगे करता है ? अतएव बहुत लम्बे अर्सेतक विलम्ब किये बाद कर्म्म स्वकर्त्ता जीवको सुख दुःख देते हैं यह बात प्रेरक विना कैसी हो सकती है ?

